DAINIK BHASKAR, Surat, 26.2.2021
Page No. 2, Size:(4.15)cms X (2.90)cms.

बुलेट ट्रेन: 28 स्टील ब्रिज के लिए एनएचएसआरसीएल ने किया करार

भारत और जापान की कंपनियों को मिला है ब्रिज बनाने का ठेका

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के 28 स्टील ब्रिज के निर्माण और खरीद के लिए एलएंडटी और आईएचआई इंफ्रास्ट्रक्चर (भारत और जापान की कंपनी का कंसोर्टियम) के साथ अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया है। ये ब्रिज रेलवे लाइन, नदी, राजमार्ग, सड़क तथा अन्य संरचनाओं के ऊपर बनेंगे। इसका ठेका 1390 करोड़ रुपए का है। इन स्टील पुलों के निर्माण के लिए लगभग 70,000 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया जाएगा। भारत के पहले हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की इतनी बड़ी मांग को पूरा करने के लिए एनएचएसआरसीएल ने पहले ही इस्पात उद्योगों को सतर्क कर दिया है। एनएचएसआरसीएल ने पहले ही बुलेट ट्रेन के 64% रूट के लिए सिविल निर्माण कार्य के लिए ठेका दिया है। इसमें पांच स्टेशन (वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आणंद/नडियाद), ट्रेन डिपो और बुलेट मार्ग में 350 मीटर की एक पर्वतीय सुरंग शामिल है।